# साहित्य अकादेमी पुरस्कार

# Sahitya Akademi Awards

# 2015

असमिया में पुरस्कृत

## कुल सैकिया

(जन्म : 1959)

कुल सैकिया सिद्ध असमिया कथाकार हैं। आपका कहानी–लेखन यदा–कदा जादुई यथार्थवाद के स्पर्श के साथ कहानी कहने की उत्तर–आधुनिक कला से प्रभावित है। आपकी कहानियों के विषय विशिष्ट हैं, जो वर्तमान समाज के मानवीय भावों, संबंधों, आशाओं एवं आकांक्षाओं से सरोकार रखते हैं। आपने सुंदर आख्यान प्रस्तुत करने के लिए अद्वितीय क्षमता के साथ पात्रों के जटिल मानसिक संसार में गहरे उतरकर एक अनुभवी कथाकार के रूप में अपनी कुशाग्रता सिद्ध की है।

कुल सैकिया का जन्म 1959 में असम के कामरूप ज़िला स्थित रंगिया गाँव में हुआ। आपने दिल्ली स्कूल आफ़ॅ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा गौहाटी विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपने अपने कार्य–जीवन का आरंभ दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में व्याख्याता के पद से किया। संप्रति, आप अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, असम के पद पर कार्यरत हैं। आपको अंग्रेज़ी और हिंदी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने विद्यार्थी जीवन में लेखन आरंभ किया तथा आपके साहित्य पर असमिया लेखक सौरभ चालिहा एवं एडलस हक्सले का प्रभाव है। आपकी प्रकाशित कृतियों में *तीर्थ देकार निरुद्देशर पिसोर सुआ, ग्रहांतर, गल्पर आरार मानूह, बेली फूलोर छबि, एक डज़न गल्प, माथो गल्प, पराई मानूह, निर्बाचित गल्प, ब्रेकिंग न्यूज़* (समस्त कहानी–संग्रह) तथा *निर्जन दिपोत एदिन* (उपन्यास) शामिल हैं। आपके उपन्यास का हिंदी अनुवाद *वो 24 घंटे* के नाम से प्रकाशित है तथा आपकी कहानियों पर आधारित 'भोज' और 'वृत्त' नामक दो टेलीफ़िल्मों का निर्माण दूरदर्शन द्वारा किया गया है। आपकी पुस्तक *आखरात मोई आरु अन्यान्य* को मुनिन बरकतकी पुरस्कार तथा आपकी कहानी 'आवर्त' को कथा पुरस्कार प्राप्त हैं।

पुरस्कृत कृति *आकाशर छबि आरु अन्यान्य गल्प* कुल सैकिया कृत तेरह असमिया कहानियों का संग्रह है। प्रत्येक कहानी की विषयवस्तु अनूठी है। कहानियों की भाषा पात्रों की मानसिकता और परिस्थितियों के अनुकूल है। प्रत्येक कहानी ऐसे रची गई है कि वह पाठकों के मन और मस्तिष्क दोनों को संतुष्ट करती है। यही इस पुस्तक की सफलता का राज़ है। यह कृति असमिया में लिखित भारतीय कथा साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Assamese to
**Kula Saikia**
(Born in 1959)

Kula Saikia is an accomplished story-teller of Assamese Language. His fiction writing has been influenced by post-modernist style of story–telling with an occasional touch of magic-realism. His stories have distinctive themes dealing with human emotions, relationships and the hopes and aspirations of the present day society. He has proved his acumen as a seasoned story teller who delves deep into the complex mental universe of his characters with a unique ability to present beautiful narratives.

He was born in 1959 in Assam. He holds a Master's Degree in Economics from the Delhi School of Economics and an LLB from the Gauhati University. He has also been the recipient of the prestigious Fulbright scholarship. He started his career as a lecturer at Hindu College, Delhi University and thereafter joined Public Service. He is presently serving as the Additional Director General of Police in Assam. Apart from Assamese, the languages known to him are English and Hindi. He began writing as a student and his literary influences have been Assamese writer Saurav Chaliha and Alduos Huxley. His novel was translated into Hindi as *Woh 24 Ghante* and two telefilms based on his stories were produced by Doordarshan, namely, "Bhoj" and "Britta". His book *Akhrat Moi Aru Anyanya* was awarded the Munin Borkataki Award for Best Book. His short story "Avarta" won the Katha award.

Kula Saikia's awarded book, *Akashar Chhabi Aru Anyanya Galpa*, is a collection of 13 short stories, each having a unique theme. Notably, the language used is befitting to the situation and the psyche of the characters. Each and every story of the book is woven in such a way that it satisfies both the head and heart of the readers. And there lies the success of the book. As such, *Akashar Chhabi Aru Anyanya Galpa* is considered as an important contribution to the genre of Indian short stories in Assamese.

**At The Goa Arts & Literature Festival, December 2015**

बाङ्ला में पुरस्कृत

## आलोक सरकार

(जन्म : 1933)

आलोक सरकार बाङ्ला के एक विशिष्ट कवि, कथाकार और नाटककार हैं। कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, निबंध, आत्मकथा आदि विधाओं में आपकी पचास से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। आपकी रचनाएँ सांस्कृतिक एवं भाषिक परंपराओं पर आधारित हैं तथा स्थानीयता से गहरे तौर पर जुड़ी हुई हैं। 'अनुपस्थित' और 'शून्य' आपकी विचार–प्रक्रिया और काव्य–रचना के अनिवार्य तत्त्व के रूप में नज़र आते हैं।

आलोक सरकार का जन्म 1933 में पश्चिम बंगाल के कालीघाट, कोलकाता में हुआ। आपने कोलकाता विश्वविद्यालय से बाङ्ला साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। आपको संस्कृत एवं अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। आप बाङ्ला साहित्य के रीडर के पद से श्यामसुंदर कॉलेज, वर्धमान से 2005 में सेवानिवृत्त हुए। आपका पहला कविता–संग्रह *उतल निर्जन* 1950 में प्रकाशित हुआ था। आपकी उल्लेखनीय कृतियों में *आलोकित समन्वय, अंधकार उत्सव* तथा *विशुद्ध अरण्य* नामक कविता–संग्रह; *एकटि बारीर गल्प, पुष्प पर्ण* एवं *एकजन नामक उपन्यास; अस्वत्थ गाछ, मायाकाननेर फुल* एवं *सेई घर* नामक काव्यनाटक; *अंतर्लोक* एवं *बाइरे अंतरे* नामक निबंध–संग्रह तथा *जलानिकाठ ज्वलो* एवं *आमार कविता जीवन* नामक आत्मकथाएँ शामिल हैं। आपने कालिदास कृत *कुमारसंभव* तथा कुछ प्रतिनिधि यूरोपियन कवियों की कविताओं का बाङ्ला अनुवाद भी किया है, जो *द्वितीय मुकुर* नाम से प्रकाशित है। आपका *काव्यसमग्र* (चार खंडों में) तथा *काव्यनाटक समग्र* भी प्रकाशित हैं। आपको पश्चिम बंगाल सरकार का सर्वोच्च साहित्य सम्मान रवींद्र पुरस्कार तथा टैगोर साहित्य पुरस्कार भी प्राप्त हैं।

पुरस्कृत कृति *शोनो जवाफुल* आलोक सरकार की बाङ्ला कविताओं का संग्रह है। ये कविताएँ विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होकर पाठकों के बीच काफ़ी लोकप्रिय हैं। इस संग्रह में कवि ने अपनी पूर्ववर्ती काव्यधारा से भिन्न मिज़ाज की कविताएँ रची हैं। कवि की स्वानुभूतियों से प्रेरित ये कविताएँ सरल, सहज भाषा में गहन आंतरिक आनंद की कविताएँ हैं। यह कृति बाङ्ला में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Bengali to
**Alok Sarkar**
(Born in 1933)

Alok Sarkar is a celebrated Bengali poet, fiction writer and playwright. His writing is founded on cultural and linguistic traditions that are deeply vernacular. 'Absence' and 'Nought' are the most imperative constituents of his entire thought process and poetry.

Alok Sarkar was born in 1933 in Kalighat, Calcutta, West Bengal. He holds a Master's degree in Bengali language and literature from Calcutta University. Apart from Bengali, the languages known to him are Sanskrit and English. He retired as a Reader in Bengali from Shyam Sunder College, Wardhman in 2005. His first book of poetry, *Utan Nirjan* was published in 1950. His work includes more than two and a half dozen poetry collections, 13 plays and several volumes of novel, essays, autobiography etc. Some of his significant works are *Aalokit Samanvay, Andhkar Utsav, Vishuddh Aranya* (Poetry collections); *Ek Ti Barir Galpo, Pushp Parana, Ekjan* (Novels); *Aswaatth Gachh, Maya Kananer Phul, Seighar* (Plays); *Antarlok, Biari Antraya* (Essays) *and Jalani Kaath, Aamar Kavita Jeevan* (Autobiography). He has translated some European poets in Bengali titled, *Dwitia Mukur* and Kalidasa's *Kumarasambhav* from Sanskrit. He is the recipient of Rabindra Puraskar, the highest literary honour of West Bengal government and Tagore Literature Award.

His awarded book, *Shono Jabaphool,* is a collection of poetry. Many of the poems of this collection have already gained popularity among readers, after their publication in different magazines. Through this collection the poet has broken his earlier poetic mould and crafted poetry of different moods. These poems are lucid and simple which derive from the poet's experience and give the reader a profound inner pleasure. As such, *Shono Jabaphool* is considered as a major contribution to the genre of Indian poetry in Bengali.

**Lighting Lamp in a Literary Programme in West Bengal**

बोडो में पुरस्कृत

**ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म**

(जन्म : 1943)

ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म बोडो भाषा के विख्यात कवि, आलोचक तथा निबंधकार हैं। बोडो साहित्य में आपका योगदान अत्यधिक विस्तृत है तथा 1975 में आपके काव्य–संग्रह *ओखरंग गोड़से नङगोउ* के प्रकाशन के साथ ही आपको बोडो साहित्य में प्रतीकात्मक कविता को स्थापित करने का श्रेय प्राप्त है। आप बोडो में 'प्रति–कविता' के पुरोधा हैं, जिन्हें *बायदिं देखो बायदि गाब* में पढ़ा जा सकता है। ये कविताएँ गद्य शैली की तकनीकों का प्रयोग करते हुए रची गई हैं।

ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म का जन्म 1943 में असम के कोकराझार ज़िले में हुआ। आपने सेंट एडमंड कॉलेज, शिलांग से कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की। आपको असमिया, बाङ्ला तथा अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत 1970 में बनरगाँव हाई स्कूल में हेडमास्टर के पद से की तथा सन् 2001 में आप सेवानिवृत्त हुए। आप कुछ प्रारंभिक बोडो पत्रिकाओं के प्रधान संपादक भी रहे हैं। आपने 1973 से लेखन प्रारंभ किया। आपकी प्रकाशित कृतियों में *थुंलइ आरो संसरी* (1986), *राइथाइमाला* (1992) एवं *नोजोर आरो सोरजी* (1994) नामक निबंध–संग्रह तथा *आङ् फोइफिङ्गोन* (1994) नामक कविता–संग्रह शामिल हैं। आपको बोडो साहित्य सभा द्वारा सोमेश्वरी ब्रह्म पुरस्कार (1994), टैगोर साहित्य पुरस्कार (2009) तथा बोडो साहित्य सभा द्वारा प्रवण बरगयारी पुरस्कार (2013) से सम्मानित किया जा चुका है।

पुरस्कृत कृति *बायदि देंखो बायदि गाब* ब्रजेन्द्र कुमार ब्रह्म कृत बोडो कविता–संग्रह है। आपकी कविताएँ विभिन्न विषय वस्तुओं पर आधारित हैं, जो विचारों को जागृत करती हैं, जिनमें वनों की कटाई के कारण उत्पन्न पारिस्थितिकी असंतुलन, इस संसार में मनुष्य के मनुष्य बने रहने की प्रार्थना, प्रजातंत्र, भूमंडलीकरण, समानता, प्रेम आदि भाव शामिल हैं। अपनी रचनाओं के माध्यम से आपने आशा, आकांक्षा और सरोकारों के संप्रेषण द्वारा बोडो समाज की अमूल्य सेवा की है। यह कृति बोडो में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Bodo to
**Brajendra Kumar Brahma**
(Born in 1943)

Brajendra Kumar Brahma is a noted poet, critic and essayist of the Bodo language. His contribution to Bodo literature has been immense and he is credited with having established symbolic poetry in Bodo literature in 1975, with the publication of his book of poems titled *Okhrang Gongse Nanggou*. He is also the pioneer of 'Anti-poems' in Bodo which can be read in *Baidi Dengkhw Baidi Gab* using the style of prose-like techniques.

He was born in the year 1943 in Kokrajhar district. He holds a B.A. Degree from St. Edmund's College, Shillong. The languages known to him are Assamese, Bengali and English. He started his career as the Headmaster of Banargaon High School in 1970 and retired in 2001. He has also been the Chief Editor of a few erstwhile Bodo magazines. He is the recipient of several Awards including Someswari Brahma Award (1994), Tagore Literature Award (2009) and Prabon Bargayari Literature Award (2013) among others.

His awarded book, *Baidi Dengkhw Baidi Gab* is a book of poetry dwelling on varied themes which are thought-provoking ranging from the ecological imbalance due to deforestation, a prayer to the human being to stay human in these trying times, globalization, equality, love , democracy etc. He has rendered invaluable service to the Bodo people by expressing their hopes, desires and concerns to the world through his writing. As such, *Baidi Dengkhw Baidi Gab* is considered an important contribution to the genre of Indian poetry in Bodo.

**Addressing the 53rd Foundation day of Bodo Sahitya Sabha, Lumding**

डोगरी में पुरस्कृत

## ध्यान सिंह

(जन्म : 1939)

ध्यान सिंह वरिष्ठ डोगरी लेखक हैं। अपनी सृजन–यात्रा में आपने कविता, नाटक, निबंध तथा अनुवाद आदि विधाओं में एक दर्ज़न से अधिक पुस्तकों का प्रणयन किया है। आपने लोक–कथाकार के रूप में रुत्त–राह्दे की परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए डोगरा संस्कृति को उत्कृष्ट योगदान दिया है। आप एक अनुमोदित रेडियो–कलाकार, नाटककार, फ़ीचर लेखक तथा सांस्कृतिक कार्यकर्त्ता भी हैं।

ध्यान सिंह का जन्म 1939 में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के जम्मू में स्थित घारोता में हुआ। आपने बी.एड. तथा इतिहास एवं राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपको अंग्रेज़ी, हिंदी तथा उर्दू भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत 1957 में एक प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक के रूप में की तथा 1997 में आप ज़िला शिक्षा योजना अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। आपने 1954 से लेखन प्रारंभ किया। आरंभ में आप सामाजिक चेतना के प्रगतिवादी समूह से प्रभावित हुए। आपकी प्रकाशित कृतियों में *फ़िलहाल* (1987), *सिलसिला* (1989), *सरिष्ठा* (1993), *रुमीजी मिसाल* (2002) (सभी कविता–संग्रह) *तथा रुत्त राह्दे* (निबंध–संग्रह) (1991) शामिल हैं। आपको डोगरी संस्था एवं साहित्य सभा, अखनूर के पुरस्कार–सम्मानों सहित, डोगरा रत्न, साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार (2014) तथा विरासत श्री (2014) सम्मान प्राप्त हैं।

पुरस्कृत कृति *परछामें दी लोऽ* ध्यान सिंह कृत डोगरी कविता–संग्रह है। आपकी कविताएँ मानव जीवन, विशेषतः डोगरा समाज से संबंधित हैं। आपकी कविताएँ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों के अतिरिक्त मानव मनोविज्ञान तथा जटिल मानसिक पहलुओं की गहरी पड़ताल करती हैं। कविताओं में प्रयुक्त बिंब एवं प्रतीक अपरंपरागत एवं विशिष्ट हैं, जो कविताओं को गूढ़ अर्थ प्रदान करते हैं। भाषा विशुद्ध डोगरी है, जो कविताओं के विषयों के लिए सर्वथा उपयुक्त है। यह कृति डोगरी में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

पत्नी के साथ

Award in Dogri to
**Dhian Singh**
(Born in 1939)




Dhian Singh is a veteran Dogri writer. In his prolific career, he has penned more than a dozen books covering various literary genres such as poetry, plays, essays and translations. He has made an outstanding contribution to Dogra culture by reviving the tradition of Rut-Rahde by virtue of being a folk-lorist as well. He is also an approved Radio artist, play-wright, feature writer and a cultural activist.

He was born in 1939 in Gharota, Jammu in the state of Jammu and Kashmir. He holds a Masters' Degree in History and Political Science and a B.Ed. Degree. Apart from Dogri, the languages known to him are English, Hindi and Urdu. He started his career as a teacher in 1957 and retired as District Education Planning Officer in 1997. He began composing poetry and songs as early as 1954. His early literary influences have been progressive schools of social consciousness. He has many published works to his credit including poetry *Filhaal* (1987), *Silsila* (1989) and others. He is the recipient of several awards and honours from Dogri Sanstha, Jammu, Social Forestry Department, Sahitya Sabha Akhnoor. He is the recipient of Dogra Rattan Award and Sahitya Akademi's Bal Sahitya Puraskar in 2014.

His awarded book, *Parchhamen Di Lo* is a book of poetry. The poems cover various aspects of human life, in particular, of the Dogra society. In addition to social, cultural and historical topics, the poems delve deep into human psychology and complex mental aspects. The imagery and symbols used in the poems are unconventional and unique which add depth to the poems. The language used in his book is chaste Dogri and is apt for the chosen themes. As such, *Parchhamen Di Lo* is considered an important contribution to the genre of Indian poetry in Dogri .

**During Dogri Book Exhibition with Dr. Karan Singh**

अंग्रेज़ी में पुरस्कृत

## साइरस मिस्त्री

(जन्म : 1956)

साइरस मिस्त्री एक प्रतिष्ठित भारतीय अंग्रेज़ी कथाकार और नाट्यकार हैं। आपने पत्रकार, वृत्तचित्र और फ़ीचर फ़िल्म लेखक जैसी अपनी अन्य भूमिकाओं में भी सफल संतुलन साधा है। आलोचकीय स्वीकार्यता के साथ व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने वाले मिस्त्री विधा और विषयवस्तु के कुशल संयोजन की अपनी शिल्पकला में दक्ष हैं।

साइरस मिस्त्री का जन्म 1956 में मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ। आप बंबई विश्वविद्यालय के कला स्नातक हैं। आपको हिंदी, गुजराती, तथा मराठी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने 21 वर्ष की आयु से लेखन प्रारंभ किया। आप मुख्य रूप से उन्नीसवीं सदी के रूसी उपन्यासकारों से प्रभावित रहे हैं। आपके पहले नाटक *डूंगाजी हाउस* ने 1978 में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त किया था। आपने अनेक लघु फ़िल्मों और वृत्तचित्रों की पटकथाएँ लिखी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। 'पर्सी' नामक आपकी कहानी पर एनएफ़डीसी द्वारा एक फ़ीचर फ़िल्म का निर्माण किया गया था, जिसे 1993 में सर्वश्रेष्ठ गुजराती फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार तथा मन्नहिम फ़िल्मोत्सव, हाइडेलबर्ग में क्रिटिक्स अवार्ड प्राप्त हुआ। आप विगत 21 वर्षों से एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। आपकी प्रकाशित कृतियों में हच–क्रॉसवर्ड अवार्ड के लिए लघुसूचीकृत आपका पहला उपन्यास *रॅडिएंस आफ़ एशेज़* (2005), साहित्य अकादेमी द्वारा 2010 में प्रकाशित *कॉटेम्पोरेरी इंडियन प्लेज़ इन इंग्लिश* में संगृहीत नाटक *द लीगेसी आफ़ रेज* तथा *पैसन फ़्लावर–सेवन स्टोरीज़ ऑफ़ डीरेंजमेंट* (2014) शामिल हैं।

पुरस्कृत कृति *क्रॉनिकल ऑफ़ ए कॉर्प्स बेअॅरर* साइरस मिस्त्री कृत अंग्रेजी उपन्यास है, जो अंग्रेज़ी में पारसी लेखन की समृद्ध परंपरा को एक महत्त्वपूर्ण योगदान है। यह उपन्यास हाशिए पर पड़े पारसी शववाहकों के एक समुदाय खांदियास की सच्ची, बेहद चौंकाने एवं व्यथित कर देनेवाली कहानी से प्रेरित है। यह प्रेम कहानी दुखद होने के साथ–साथ उत्कृष्ट भी है। उपन्यासकार ने इस उपन्यास को मनोदशा एवं आख्यान पर पूर्ण संतुलन रखकर रचा है। यह एक उत्कृष्ट उपन्यास है, जिसमें पाठकों को भीतर तक हिला देने की क्षमता है। यह कृति अंग्रेज़ी में लिखित भारतीय कथा–साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in English to
**Cyrus Mistry**
(Born in 1956)




Cyrus Mistry is an eminent Indian English novelist and playwright. Mistry is a wordsmith excelling in various literary forms such as plays, short stories and novels. He has successfully balanced his varied roles including that of a journalist, documentary and feature film writer. Both critically acclaimed and commercially feted, he is a master of his craft, skillfully merging form with content.

He was born on 1956, in Mumbai, Maharashtra. He studied B.A. in English Literature and Psychology from Bombay University. Besides English, he knows Hindi Gujarati and Marathi. He began writing at the young age of 21. His major literary influences have been world writers especially the Russian novelists of the 19th century. His first play *Doongaji House* won the Sultan Padamsee Award in 1978. One of his short stories "Percy" was made into a feature film by NFDC which won a National Award for the Best Gujarati Film in 1993 and the critics Award at the Mannheim Film Festival at Heidelberg in the same year. Some of his significant works are his first novel *The Radiance of Ashes* (2005), shortlisted for the Hutch-Crossword Award, *The Legacy of Rage*—first published by the Sahitya Akademi as part of contemporary Indian plays in English (2010) and *Passion Flower—Seven Stories of Derangement* (2014).

Cyrus Mistry's novel *Chronicle of a Corpse Bearer* is a fascinating contribution to the rich tradition of Parsi writing in English. It is derived from a true yet disturbing story about the miniscule minority of Parsi corpse bearers called Khandiyas. The moving love story is both tragic and transcendent. The author has crafted this novel with complete control over mood and narrative. This is a brilliant novel which has the power to move the reader profoundly. As such, *Chronicle of a Corpse Bearer* is considered an important contribution to the genre of Indian novel in English.

**Receiving the DSC Prize for South Asian Literature, 2014**



गुजराती में पुरस्कृत

## रसिक शाह

(जन्म : 1922)

रसिक शाह विख्यात गुजराती लेखक तथा निबंधकार हैं। आपका योगदान विमर्श की नैतिक, मानवतावादी भाषा तक पहुँचने के लिए संघर्ष पर ध्यान केंद्रित करता है। आपकी रचनाएँ कम से कम दो पीढ़ियों के गुजराती कवियों, लेखकों तथा आलोचकों की संवेदनाओं को रूपाकार देती हैं।

रसिक शाह का जन्म 1922 में मुंबई में हुआ। आपने बंबई विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। आपको हिंदी, बाङ्ला, संस्कृत तथा अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत एक प्राइवेट ट्यूटर के रूप में की, फिर आप एक प्राइवेट कंपनी में प्रबंधक के रूप में काम करने लगे। बाद में आपने डॉ. सुरेश जोशी और जयंत पारेख के साथ मिलकर *मनीषा, ऊहापोह, क्षितिज* तथा *एतद नामक* पत्रिकाओं के प्रकाशन की शुरुआत की और उनका सह–संपादन किया। आप डॉ. सुरेश जोशी, रवींद्रनाथ ठाकुर, फ्रैंज़ काफ़्का तथा विल्हेम रिच के साहित्य से प्रभावित हैं। रसिक शाह ने गुजराती में दर्शन, मनोविज्ञान, गणित और शिक्षा के विशिष्ट प्रश्नों को लेकर नवीन आलोचनात्मक विमर्श उपस्थित किए हैं।

पुरस्कृत कृति *अंते आरंभ (खंड I और II)* रसिक शाह कृत दो खंडों में प्रकाशित विचारोत्तेजक निबंधों का संग्रह है, जिसे पूर्ण यथार्थता, शुद्धता एवं स्पष्टता के साथ लिखा गया है तथा जो मानव बुद्धि के अनुरूप अनुभूतियों की बारीकियों एवं संसार के प्रति उसकी समझ को उद्घाटित करता है। पुस्तक में विभिन्न विषयों पर सशक्त विमर्श और वाद–विवाद प्रस्तुत किया गया है, जो गुजरात के सृजनात्मक लेखकों के लिए अवधारणात्मक संरचना प्रदान करता है। यह कृति गुजराती में लिखित भारतीय निबंध साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Gujarati to
**Rasik Shah**
(Born in 1922)



Rasik Shah is a noted Gujarati writer and essayist. His contribution has been a focused attention on the struggle to arrive at an ethical, humanist language of discourse. His writings have shaped the sensibilities of atleast two generations of Gujarati poets, writers and critics.

He was born in 1922 in Mumbai. He holds a Master's Degree in Sociology from the University of Bombay. Apart from Gujarati, the languages known to him are Hindi, English, Bengali and Sanskrit. He started his career as a private tutor and moved on to work as a manager in a private company and finally co-founded and co-edited and published a series of Gujarati periodicals along with Dr. Suresh Joshi and Jayant Parekh, these were – *Maneesha, Uhapoh, Kshitij* and *Etad*. His major literary influences have been Rabindranath Tagore, Dr. Suresh Joshi, Franz Kafka and Willheim Reich.

Rasik Shah has created unprecedented critical discourse around significant questions in philosophy, psychology, mathematics and education in Gujarati. His awarded book, *Ante Aarambh – Part 1 & 2*, is a collection of thought-provoking essays written with precision, clarity and lucidity which bring out a nuanced perception of the mental world. Various subjects are discussed and debated with utmost vigour thus providing a conceptual framework for some of the practicing creative writers of Gujarat. As such, *Ante Aarambh – Part 1 & 2* is an important contribution to the genre of Literary Essay in Gujarati.

**With Prof. Haridas Patel, (late) Bhupen Khakkar, Dr. Sunil Kothari and Smt. Kala Shah in 1990**



हिंदी में पुरस्कृत

## रामदरश मिश्र

(जन्म : 1924)

रामदरश मिश्र हिंदी के वरिष्ठ कवि, कथाकार, निबंधकार और आलोचक हैं। आपने काव्य और कथा के विभिन्न रूप–शैलियों में तो लिखा ही, आत्मकथा, यात्रावृत्त, डायरी, संस्मरण आदि विधाओं में भी अपनी कलम चलाई है। आपकी रचनाओं में ज़मीनी यथार्थ की अभिव्यक्ति के साथ–साथ भारतीय संस्कृति की अनुगूँजें हैं। लोक–जीवन की आत्मीय सरलता, सामाजिक–सांस्कृतिक एवं पारंपरिक संबंधों की विशिष्ट अभिव्यक्ति आपकी रचनाओं में मिलती है। अभिशप्तों, शोषितों के साथ चलकर उनकी आत्माभिव्यक्ति को मुखर रूप देते हुए आपकी सभी विधाओं की रचनाओं में उनके परिवेशगत यथार्थ के चित्रण तथा उनकी नियति को बदलने की चेष्टा स्पष्टतः देखी जा सकती है।

रामदरश मिश्र का जन्म 1924 में उत्तर प्रदेश स्थित गोरखपुर ज़िले के डुमरी गाँव में हुआ। आपने हिंदी भाषा एवं साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी–एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त की हैं। आपके कार्य–जीवन का आरंभ सयाजीराव गायकवाड़ विश्वविद्यालय, बड़ौदा के हिंदी प्राध्यापक के रूप में 1956 में हुआ। बाद में आप गुजरात विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए, फिर 1964 में दिल्ली विश्वविद्यालय आ गए, जहाँ से प्रोफ़ेसर पद से सेवानिवृत्त हुए। रामदरश मिश्र की प्रमुख प्रकाशित कृतियों में *पथ के गीत, बैरंग–बेनाम चिट्ठियाँ, पक गई है धूप, हँसी ओठ पर आँखें नम हैं, आग की हँसी, अपना रास्ता* (काव्य–संग्रह), *पानी के प्राचीर, जल टूटता हुआ, आदिम राग, बचपन भास्कर का* (उपन्यास), *खाली घर, एक वह, बसंत का एक दिन, स्वप्नभंग, इस बार होली में* (कहानी–संग्रह), *छायावाद का रचनालोक, आधुनिक हिंदी कविता : सर्जनात्मक संदर्भ* (आलोचना), *घर से घर तक, देश यात्रा* (यात्रावृत्त), *स्मृतियों के छंद, एक दुनिया अपनी* (संस्मरण) सम्मिलित हैं। आपको साहित्यकार सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, शलाका सम्मान, रामविलास शर्मा सम्मान, महापंडित राहुल सांकृत्यायन सम्मान, सारस्वत सम्मान, व्यास सम्मान, राष्ट्रीय साहित्यिक पुरस्कार, विश्व हिंदी सम्मान आदि अनेकानेक पुरस्कार–सम्मानों से विभूषित किया जा चुका है।

पुरस्कृत कृति *आग की हँसी* रामदरश मिश्र का हिंदी कविता–संग्रह है। इसकी उच्चस्तरीय कविताओं में नया स्पंदन और दृष्टि की सघनता है। विषयवस्तुगत वैविध्य के साथ–साथ इस संग्रह की कविताएँ शिल्पगत विशिष्टता के नाते भी महत्त्वपूर्ण हैं। ये कविताएँ मानवीय मूल्यों से सरोकार रखती हैं, जिनकी खोज मानवीय जीवन की साधरणता में की गई है। इनमें अभिव्यक्त विचार एवं अनुभव सहज तथा स्पष्ट हैं, जिनसे पाठक अपना तादात्म्य स्थापित कर लेता है। यह कृति हिंदी में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Hindi to
**Ramdarash Mishra**
(Born in 1924)




Ramdarash Mishra is an eminent Hindi poet, story writer, essayist and critic. He has written in various genres of literature and short stories, as well as biography, travelogue, diary and memoirs. In his writings, ground realities of the times echo with Indian culture. His writings prominently express the simplicity of folk-life and socio-cultural and traditional relations. He stands with the cursed and exploited people and boldly expresses their lives in his writings that amplify his desire to see change in there destinies.

He was born in 1924 in Dumri village of Gorakhpur district in Uttar Pradesh. He holds M.A. and Ph.D. degrees in Hindi language and literature. He started his career as a Lecturer at Sayajirao Gaekwad University, Baroda in 1956. Later, he was associated with Gujarat University then in 1964 he came to Delhi University, where he retired from the post of a Professor. Collection of his published books include, *Path Ke Geet, Berang-Benam Chittiyaan, Pak Gayi Hai Dhoop, Hansi Onth Par Aanken Nam Hain, Aag Ki Hansi, apna Raasta* (Poetry collection), *Pani Ke Prachir, Jal Tutta Hua, Aadim Raag, Bachpan Bhaskar Ka* (Novel), *Khali Ghar, Ek Vyah, Basant Ka Ek Din, Swapanbhang, Is Baar Holi Mein* (Short story collection), *Chayyavaad Ka Rachnalok, Adhunik Hindi Kavita! Sarjanatamak Sandarbh* (Criticism), *Ghar Se Ghar Tak, Desh Yatra* (Tavelogue), *Smritiyon Ke Chhand, Ek Duniya Apni* (Memoirs). He is the recipient of Sahityakar Samman, Sahitya Bhushan Samman, Shalaka Samman, Ramvilas Sharma Samman, Mahapandit Rahul Sankrityayan Samman, Saraswat Samman, Vyas Samman, Rashtriya Sahityik Puraskar, Vishwa Hindi Samman and many other awards.

His awarded book, *Aag Ki Hansi*, is a poetry collection. These high intensity poems have new vibration and acute vision. His poems deal with human values and he searches them in the ordinariness of human life. He expresses his thoughts and various experiences with great simplicity and clarity making the reader identify with it at once. This collection is important for its variation of content. As such, *Aag Ki Hansi* is an important contribution to the genre of poetry in Hindi.

**Receiving award from Smt. Krishna Sobti & Smt. Sheila Dikshit, former CM of Delhi**

कन्नड में पुरस्कृत

## के. वि. तिरुमलेश

(जन्म : 1940)

के.वि. तिरुमलेश प्रतिष्ठित कन्नड कवि तथा आलोचक हैं। आपकी कविताएँ आपकी विदग्ध दृष्टि तथा जीवन के ताने–बाने की गहरी समझ को प्रतिबिंबित करती हैं। आपकी कल्पनाशीलता, शब्दों का प्रयोग तथा गहन दार्शनिक चिंतन पाठकों द्वारा सराहा जाता रहा है।

के. वि. तिरुमलेश का जन्म 1940 में केरल के करदका गाँव में हुआ। आपने सी.आई.ई.एफ.एल. हैदराबाद से अंग्रेज़ी भाषा विज्ञान में पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। आपको मलयाळम् तथा हिंदी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने कर्नाटक, केरल तथा हैदराबाद के विभिन्न स्थानों पर अंग्रेज़ी का अध्यापन किया। आपने अमेरिका के आयोवा विश्वविद्यालय में कन्नड तथा कन्नड संस्कृति का अध्यापन भी किया। आपने अपने कॉलेज जीवन में लेखन प्रारंभ किया। आपके साहित्य पर प्रमुख रूप से गोपाल कृष्ण अडिग तथा फ्रैंज काफ़्का का प्रभाव है। आपकी उल्लेखनीय कृतियों में *मुखामुखी, अवध* तथा *सम्मुख* शामिल हैं, जिनमें से प्रथम को आषान पुरस्कार तथा अन्य को कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कृत कृति *अक्षय काव्य* के. वि. तिरुमलेश कृत कन्नड कविता–संग्रह है, जो नवीन प्रयोग है। यह वर्तमान समय की कठिन परिस्थितियों को दर्शाता है तथा इसका प्रस्तुतिकरण अत्यंत चित्रात्मक है। कवि ने विभिन्न सभ्यताओं के रूपकों एवं प्रतीकों को एकत्रित कर उनके प्रयोग से कविता–संग्रह को अत्यंत चित्रमय स्वरूप प्रदान किया है। यह कविता–संग्रह शिल्प, शैली और सृजनात्मक दृष्टि के नाते कविता को नई ज़मीन प्रदान करता है। यह कृति कन्नड में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Kannada to
**K.V. Thirumalesh**
(Born in 1940)




K.V. Thirumalesh is an acclaimed Kannada poet and critic. His poems reflect his astute vision and his deep understanding of the warp and weft of life. His imagery and usage of words and deep philosophical musings has long been appreciated by the readers.

He was born in 1940 in Karadaka village in Kerala. He holds a Doctorate in English Linguistics from C.I.E.F.L., Hyderabad. Apart from Kannada he knows English, Malayalam and Hindi. He started his career as an English teacher at various places in Karnataka, Kerala and Hyderabad and also at Sana's in Yemen. He taught beginners' Kannada and Kannada Culture at the University of Iowa, U.S.A. He started writing while in college. His major literary influences have been Gopalakrishna Adiga and Franz Kafka. He has been widely published and awarded for his poetry collections. His poetry collections include *Mahaprasthana, Mukha Mukhi* which won the Asan Award (1981), *Avadha* which won the Karnataka Sahitya Academy Award (1982) and *Sammukha* his book of literary criticism won the Karnataka Sahitya Academy Award.

His awarded book, *Akshaya Kavya,* is a novel experiment. It depicts the predicament of present times and has picturesque descriptions. The poet achieves this by the usage of innumerable metaphors and symbols. *Akshaya Kavya* breaks new ground in poetry by being a beautiful blend of form, style and creative vision. As such, *Akshaya Kavya* is a considred a major contribution to the genre of poetry in Kannada .

**At a Literary Conference in the USA**



कश्मीरी में पुरस्कृत

**बशीर भद्रवाही**

(जन्म : 1935)

बशीर भद्रवाही एक सुपरिचित कश्मीरी एवं उर्दू लेखक हैं, जिनकी रचनाएँ संवेदनशीलता से कश्मीरी लोकाचार को अभिव्यक्त करती हैं। भाषाई लालित्य तथा दार्शनिक गंभीरता वाली आपकी रचनाएँ कश्मीरी संस्कृति को समझने में सहायक हैं।

बशीर भद्रवाही का जन्म 1935 में जम्मू एवं कश्मीरी स्थित भद्रवाह में हुआ। आपने कश्मीर विश्वविद्यालय से उर्दू में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। आपको अंग्रेज़ी, भद्रवाही और किश्तवारी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत एक शिक्षक के रूप में की तथा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय (1953–1961) में अध्यापक के रूप में कार्य किया। बाद में आपने हेडमास्टर, तहसील शिक्षा अधिकारी, अनुसंधान अधिकारी, परियोजना अधिकारी, प्रधानाचार्य तथा ज़िला शिक्षा अधिकारी जैसे विभिन्न पदों पर कार्य किया और 40 वर्षों की लंबी सेवा–अवधि पूर्ण कर 1993 में सेवानिवृत्त हुए। आपने अपने विद्यार्थी–जीवन में लेखन प्रारंभ किया तथा कविता, गद्य एवं आलोचना लिखी। आपके साहित्य पर हब्बा खातून, महमूद ग़नी, रसूली मीर एवं महजूर का प्रभाव है। आप पर आपके शिक्षक अब्दुल कदूस रसा जविदानी की काव्यशैली के साथ–साथ इक़बाल, ग़ालिब, मीर, मोमिन और फैज़ का भी प्रभाव है। गद्य लेखन में आप मोहम्मद यूसुफ बेग से प्रभावित हैं। आपकी उल्लेखनीय कृतियों में *गोशान हिन्द पोश, तोफ़ा–ए–आज़मीन–हिजाज़, रहमातून के साए* (2015) तथा कश्मीरी लोक गीतों के संकलन शामिल हैं। आपको कश्मीरी भाषा एवं साहित्य में योगदान के लिए जे. एंड के. कला, संस्कृति एवं भाषा एकेडमी ने सम्मानित किया तथा कश्मीरी साहित्य में योगदान हेतु आपको अदबी मरकज़ कामराज़ द्वारा 'शर्फ़–ए–कामराज़' उपाधि से विभूषित किया गया है।

पत्नी के साथ

पुरस्कृत कृति *जमिस त कशीरी मंज़ कशीर नातिया अदबुक तवारीख़* बशीर भद्रवाही कृत कश्मीरी आलोचना कृति है, जिसमें कश्मीरी साहित्य की अत्यंत महान एवं प्राचीन शैली 'नात' की विस्तृत विवेचना की गई है। लेखक ने इस विधा पर गंभीरता से सांगोपांग विमर्श प्रस्तुत किया है। यह कृति कश्मीरी में लिखित भारतीय समालोचना को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

Award in Kashmiri to
**Bashir Bhadarwahi**
(Born in 1935)



Bashir Bhadarwahi is a very well-known Kashmiri writer whose writing sensitively captures the Kashmiri ethos. His writing has linguistic elegance and philosophical depth which has added to the understanding of Kashmiri culture.

He was born in 1935 in Bhadarwah, Jammu and Kashmir. He is an M.A. in Urdu from Kashmir University. The languages known to him are Urdu, Kashmiri, Bhadarwahi and English. He started his career as an educationist. He has served the field of Education in various capacities such as Research Officer, Principal and District Education officers. He retired in 1993 with a distinguished service of 40 years. He started writing while in school and has written poetry, prose, criticism. He writes in Urdu as well. His literary influences range from the poetry of Habba Khatoon, Mahmud Gani, Rasool Mir and Mehjoor. He was also influenced by the poetic style of his teacher Abdul Qadus Rasa Javidani as also the poetry of Allama Iqbal, Mirza Ghalib, Mir Taqi Mir, Momin and Faiz. A number of his books have been published and awarded such as a compilation of Kashmiri folk songs (1972), *Goshan Hind Posh* (poetry collection, 1998), *Tohfa-e-Aazmeen-Hijaz* (2005), *Rahmaton ke Saaye* (2015), among many others. Among the many awards he has received are Sharf-i-Kamraz Award for Contribution to Kashmiri Language and Literature, awarded by Adbi Markaz Kamraz, a literary organization of Kashmir.

His awarded book, *Jamis Ta Kasheeri Manz Kashir Natia Adbuk Tawareekh,* is a book of literary criticism of 'Naat'. The book is a most comprehensive compendium of a great and ancient genre of Kashmiri literature. He has diligently discussed the exponents of this genre. As such, *Jamis Ta Kasheeri Manz Kashir Natia Adbuk Tawareekh* is a major contribution to the genre of literary criticism in Kashmiri.

**Receiving Sharf-i-Kamraz Award from Adbi Markaz Kamraz, Kashmir**

कोंकणी में पुरस्कृत

**उदय भेंब्रे**

(जन्म : 1939)

उदय भेंब्रे कोंकणी के प्रतिष्ठित लेखक हैं, जिनकी कृतियों ने कोंकणी साहित्य को समृद्ध करने में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है। अपने जीवन के शुरुआती दिनों में थिएटर में आपकी भागीदारी का प्रभाव आपकी रचनाओं पर देखने को मिलता है। आपकी रचनाएँ सामाजिक अंतःकरण को जागृत करने का कार्य करती हैं तथा स्पष्ट एवं भेदक हैं। आपके विषय ऐतिहासिक घटनाओं से लेकर वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक घटनाओं से संबंधित हैं।

उदय भेंब्रे का जन्म 1939 में मडगाँव, गोवा में हुआ। आपने पुणे विश्वविद्यालय से बी.ए. (ऑनर्स) तथा बंबई विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपको मराठी, हिंदी, पुर्तगाली तथा अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। आप 40 वर्षों से मडगाँव, गोवा में वकालत करते रहे हैं। आपने 12 वर्षों तक कोंकणी दैनिक *सुनापरांत* का संपादन किया। आपने सांस्कृतिक मोर्चे पर कोंकणी भाषा के लिए सक्रिय संघर्ष किया है। आप विभिन्न संस्थाओं से सक्रिय संबद्ध रहे हैं तथा गोवा कोंकणी अकादमी के अध्यक्ष रह चुके हैं। संप्रति, आप गोवा विश्वविद्यालय के कोंकणी विभाग में अध्यापन–कार्य कर रहे हैं। आपकी प्रकाशित कृतियों में *चान्नेआचे राति* (कोंकणी कविता–संग्रह, 1978) *ब्रह्मास्त्र* एवं *अस्मितायेचो कसाई* (मराठी में अख़बारों के लिए लिखित रचनाओं के संग्रह) शामिल हैं। इसके अलावा आपके 40 गीत आकाशवाणी और एच. एम.वी. के द्वारा संगीतबद्ध किए गए हैं। आपने कोंकणी और मराठी नाटकों में अभिनय भी किया है। आपको कुल्लागार पुरस्कार (1999), गुंडु सीताराम अमोणकर स्मृति पुरस्कार (2001), कोंकणी भाषा मंडल पत्रकारिता पुरस्कार (2008), गोवा राज्य सांस्कृतिक पुरस्कार, श्रीमती विमला वी. पै जीवन साधना पुरस्कार आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

पुरस्कृत कृति *कर्ण पर्व* उदय भेंब्रे कृत कोंकणी नाटक है, जो महाभारत के एक प्रसंग पर आधारित है। आपने कर्ण–अर्जुन की शत्रुता के प्रसंग तथा कर्ण के वध में कृष्ण की भूमिका की अनूठी व्याख्या की है। यह नाटक अपनी सुंदर भाषा तथा सभी प्रसंगों के संवादों में सटीक शब्द–प्रयोग के कारण प्रशंसनीय है। यह कृति कोंकणी में लिखित भारतीय नाट्य साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Konkani to
**Uday Bhembre**
(Born in 1939)

Uday Bhembre is an acclaimed Konkani writer whose vast oeuvre has contributed significantly to the enrichment of Konkani literature. His involvement in theatre early in his life has a bearing on his writing. His writing serves to awaken social conscience and is clear and incisive. His subjects vary from historical events to present day political and social phenomenon.

He was born in 1939 in Margao, Goa into a family of freedom fighters which had a lifelong bearing on his psyche and influenced his writings and socio-cultural activities. He has actively championed the cause of Konkani language through the cultural outfits he has been a part of. He graduated in Law and practised it for more than 40 years. He currently teaches at the Department of Konkani of Goa University. The languages known to him apart from Konkani are Marathi, Hindi, Portuguese and English. His published work includes *Channeache Rati*, a collection of poems in Konkani (1978), *Brahmastra* and *Asmitayecho Kasai*, a collection of journalistic writings in Marathi and *Karnaparva,* the awarded Konkani play. Apart from these about 40 of his lyrics have been set to tune and recorded by All India Radio and H.M.V. He has acted in Konkani and Marathi plays. He won the Kullagar Puraskar (1999), Gundu Sitaram Amonkar Memorial Award (2001), Konkani Bhasha Mandal Patrakarita Puraskar (2008), Bhangrallem Goem Asmitai (2014) Puraskar among others.

His awarded book, *Karnaparva,* is a play based on an episode in the *Mahabharat*. He gives a unique interpretation to the Karna-Arjuna rivalry and Krishna's role in getting him killed. Beautifully crafted, the play is a valuable asset of Konkani literature. As such, *Karnaparva* is considered a major contribution to the genre of Indian plays in Konkani.

**Releasing Konkani Encyclopaedia at Goa University**

मैथिली में पुरस्कृत

**मनमोहन झा**

(जन्म : 1951)

मनमोहन झा मैथिली भाषा के प्रतिष्ठित लेखक हैं। आपने विभिन्न साहित्यिक पत्रिकाओं के लिए कहानियाँ, निबंध, संस्मरण तथा एकांकी नाटक लिखे हैं। आपकी लेखन शैली समृद्ध कल्पनाशीलता की आवाहक है तथा आपने अपनी रचनाओं में मिथिलांचल के जनजीवन का सच्चा एवं जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया है।

मनमोहन झा का जन्म 1951 में पटना, बिहार में हुआ। आपने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा, बिहार से मनोविज्ञान में पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। आपको हिंदी तथा अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत 1974 में सी. एम. कॉलेज, दरभंगा में व्याख्याता के पद से की। संप्रति, आप एल.एन.एम.यू., दरभंगा में मनोविज्ञान के प्रोफ़ेसर एवं डीन हैं। आपकी प्रकाशित कृतियों में *घर घुरैत काल* (1992) तथा *कोनो एकटा गाम* (1997) नामक कहानी–संग्रह शामिल हैं। आपको मैथिली समाज, रहिका (मधुबनी) के पुरस्कार के साथ–साथ किरण पुरस्कार प्राप्त है।

पुरस्कृत कृति *खिस्सा* मनमोहन झा कृत मैथिली कहानी–संग्रह है। इसकी कहानियाँ आधुनिक भारतीय कहानी लेखन का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। प्रत्येक कहानी वर्तमान मिथिला समाज के जीवन की मूल प्रवृत्ति, स्वभाव एवं मनोवृत्ति को प्रदर्शित करती है तथा मैथिली भाषा के सृजनात्मक लेखन को विश्वव्यापकता प्रदान करती है। यह कृति मैथिली में लिखित भारतीय कथा साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

सुपुत्री के साथ

Award in Maithili to
**Man Mohan Jha**
(Born in 1951)




Man Mohan Jha is a distinguished writer of the Maithili language. He has written short stories, essays and one-act plays for various literary magazines. His writing style is evocative of rich imagery and presents an honest and moving picture of the people of his region.

He was born in 1951 in Patna, Bihar. He holds a doctorate in Psychology from L.N.M.U., Darbhanga (Bihar). The languages known to him apart from Maithili are English and Hindi. He started his career as a lecturer in Darbhanga and later on became a Reader and Professor. His writing has been influenced by his brother Rajmohan Jha's writing who is known for psychological insights in his stories. His notable books are, *Ghur Ghurait Kaal* and *Kono Ekta Gaam*. He is the recipient of Kiran Puraskar, Maithil Samaj and Rahika Madhubani awards.

His awarded book, *Khissa*, is a book of short stories and is an outstanding example of modern Indian short story writing. This book projects the life instincts, temperament and attitudes and mores of the present day Maithili society and universalizes the creative writing of Maithili. As such, *Khissa* is a major contribution to genre of short story in Maithili.

**With Hansraj, Govind Jha & Purnendu Chaudhary**

मलयाळम् में पुरस्कृत

## के. आर. मीरा

(जन्म : 1970)

के. आर. मीरा सुपरिचित मलयाळम् लेखिका और पत्रकार हैं, जिन्होंने मलयाळम् साहित्य के क्षेत्र में नई उद्‌भावनाओं के साथ प्रभूत योगदान किया है। आपकी रचनाओं में मानवीय मनोविज्ञान तथा मानसिक विकास के क्रम में नैतिक एवं मूल्यगत द्वंद्वों के प्रति आपकी गहरी दृष्टि का परिचय मिलता है। आपके उपन्यास विचारप्रधान तथा यादगार हैं।

के. आर. मीरा का जन्म 1970 में कोल्लम, केरल में हुआ। आपने गाँधीराम रूरल इंस्टीट्यूट से अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। आपको अंग्रेज़ी और तमिळ भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने विद्यार्थी जीवन में लेखन प्रारंभ किया। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में की। 13 वर्षों तक मलयाळम् पत्रिका *मलयाला मनोरमा* में कार्य करने के उपरांत आपने 2006 में प्रधान उप–संपादक पद से इस्तीफ़ा दे दिया तथा स्वतंत्र लेखन प्रारंभ कर दिया। आपकी प्रकाशित कृतियों में *युडसिंते सुविशेषम, नेत्रोन्मीलनम, मीरसाधु, आ मरथेयुम मरन्नु मरन्नु न्जान* (सभी उपन्यास); *मीरयुडे नोवेल्लकळ मालाखयुदे मरूकुकळ करिनील* (सभी लघु उपन्यास); *ओर्मयुडे नजरम्बु, मोह मंज, एवे मरियडे, गुइलोटिन, कथकळ : के.आर. मीरा* (सभी कहानी–संग्रह); *अम्मुवुम चित्तम* (बाल साहित्य) तथा *मषायिल परक्कुन्न पक्षिकळ* (निबंध–संग्रह) शामिल हैं। *आराचार* नामक आपका कहानी–संग्रह मलयाळम् के प्रायः सभी प्रमुख पुरस्कारों का विजेता और सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली कृति है। आपको वयलार पुरस्कार, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार, पी. पद्‌मराजन मेमोरियल पुरस्कार, तोप्पिल रवि स्मारक साहित्य पुरस्कार, अनकानम साहित्यिक पुरस्कार आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

पुरस्कृत कृति *आराचार* के.आर. मीरा कृत मलयाळम् उपन्यास है, जो एक महिला की अशांत मानसिकता एवं दुःखों का वर्णन करता है। लेखिका ने उपन्यास की नायिका के माध्यम से विभाजन से पूर्व तथा बाद के जटिल भारतीय समाज में हिंसा तथा न्याय से जुड़े मुद्दों को छुआ है। नायिका स्वयं को विकसित करते हुए नई परिस्थितियों तथा आयामों की पड़ताल करती है। पुस्तक की शैली यथार्थवादी एवं प्रामाणिक है। यह कृति मलयाळम् में लिखित भारतीय कथा साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

परिवार के साथ

Award in Malayalam to
**K.R. Meera**
(Born in 1970)




K.R. Meera is a well-known Malayalam writer and journalist who has contributed immensely and has given a new direction in the field of Malayalam literature. Her writing reflects her deep insight into human psychology and the moral and ethical dilemmas that are so much a part of mental evolution. Her novels have a brooding, haunting quality to them.

She was born in 1970 in Kollam, Kerala, to parents who were college Professors. She completed her post graduation in English in 1993. She started her career as a journalist and for thirteen years worked with Malayala Manorama, a leading daily of Kerala. Apart from Malayalam, the languages known to her are English and Tamil. She started writing in school days itself and won prizes at the school and district level competitions. In 2001 her first story "Sarpa yajnam" appeared in—*The Mathrubhumi Weekly*. The first collection of her short stories was published as *Ormayude Njarampu* in 2002. Her published work includes *Aa Maratheyum Marannu Marannu Njaan* (2006), *Meerasaadhu* (2005), *Netromeelanam* (2008), *Yudasinte Suvisesham*, 2009 and *Aaraachar* (2012) which won all the major awards in Malayalam and topped the best-seller list. It's English translation Hangwoman was published in 2014 and shortlisted for the DSC Literary Prize 2016. She has won innumerable awards in her chequered career including the Kerala Sahitya Academy Award, Vayalar Award, Odakkuzhal Award and the Nooranad Haneef Memorial Award for *Aaraachar*.

Her awarded novel, *Aaraachar*, is an unexplored realm of a 'Hangwoman' and her traumas. The writer explores the troubled psyche of a woman who has donned the mantle of the first ever hangwoman in India. Building upon the moral choices that confront her heroine, she touches upon the perennial issues of violence, justice and mercy set in the context of the convoluted Indian reality before and after the Partition. As such, *Aaraachar* is an important contribution to the genre of Indian novel in Malayalam.

**Activist-author Arundhati Roy releasing the book 'Hang Woman' written by the author**

मणिपुरी में पुरस्कृत

## क्षेत्रि राजेन

(जन्म : 1968)

क्षेत्रि राजेन सुपरिचित मणिपुरी कवि हैं, जिन्होंने शिल्प को परिवर्तन के वाहक के रूप में प्रयुक्त किया है। आपकी कविताएँ जीवन और संस्कृति की संवेदनाओं को प्रस्तुत करती हैं तथा उनके सरोकारों, आशाओं एवं आकांक्षाओं को स्वर देती हैं।

क्षेत्रि राजेन (पूरा नाम : क्षेत्रिमयुम राजेन सिंह) का जन्म 1968 में लेइशङ्थेम अवाङ् लेइकइ, थोउबल, मणिपुर में हुआ। आप कला स्नातक हैं। आपको हिंदी तथा अंग्रेज़ी भाषाओं का भी ज्ञान है। संप्रति, आप प्रथम मणिपुर राइफ़ल्स, इंफ़ाल में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं। आपने 2001 से लेखन प्रारंभ किया। आपकी प्रकाशित कृतियों में *नोङ्लीक* (2003), *मूर्तिशिङी मामी* (2005) तथा *चारूगी खङ्पोकङ* (2012) नामक कविता–संग्रह शामिल हैं। आपकी दो पुस्तकों के अंग्रेज़ी अनुवाद भी प्रकाशित हैं तथा आपने *रोमांटिसिज़्म इन मणिपुरी पोएट्री* (2013) नामक पुस्तक का संपादन किया है। आपको चिङ्खु–मोइरंग लेइमा निंगशिंग कबीरदास मान तथा श्रेष्ठ सेवा के लिए वर्ष 2014 में पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। आपकी खेलों में भी रुचि है तथा आपने गीत भी लिखे हैं। आप आकाशवाणी के अनुमोदित गीतकार हैं।

पुरस्कृत कृति *अहिंना येकसिल्लिबा मङ* क्षेत्रि राजेन कृत मणिपुरी कविता–संग्रह है। संकलित कविताएँ मुख्यतः वर्तमान सामाजिक जीवन एवं इसे जीने के ढंग से जुड़े असंतोष तथा असंगति से संबंधित हैं। कुछ कविताओं में कवि ने महिलाओं के समक्ष आनेवाली रोज़मर्रा की समस्याओं के प्रति असंतोष प्रकट किया है। कवि ने आमजन के उत्पीड़ित एवं दमित जीवन तथा स्थिति को व्यक्त करने का पूर्ण प्रयास किया है। अधिकांश कविताओं में सुंदर एवं सटीक बिंबविधान का प्रयोग किया गया है। यह कृति मणिपुरी में लिखित भारतीय काव्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान मानी गई है।

पत्नी के साथ

Award in Manipuri to
**Kshetri Rajen**
(Born in 1968)

Kshetrimayum Rajen Singh is a well-known Manipuri poet who uses his craft as an agent of change. His poems reflect his sensitivity towards the culture and ethos of Manipuri people and voices their concerns, hopes and aspirations. Rich in content and style, they leave a lasting impact on the reader.

He was born in 1968 in Thoubal, Manipur. He completed his B.A. and joined the Armed Forces and is now with the 1st Manipur Rifles. Apart from Manipuri he also knows Hindi and English. He has also been an active member of various literary outfits in Manipur. He started writing poetry in 2001 and, since then, has a number of published poetry collections to his credit including, *Nongleek* (2003) *Murtishingi Mami* (2005), *Ahingna Yekshilliba Mang* (2009), *Charugi Khangpokshang* (2012) and a critique—*Romanticism in Manipuri Poetry* (2013) compiled and edited by him. Two of his books have been translated into English as *Shadow of Statue* (2007) and Raindrops (2008). He has been awarded the Chingkhu-Moirang Leima Ningshing Kabirdas Mana (2014) and the Police Medal for Meritorious Service, also in 2014. His other interests lie in sports and he also pens lyrics and is an approved lyricist with All India Radio, Imphal.

His awarded book, *Ahingna Yekshilliba Mang*, is a collection of 91 poems. The poet's longing for peace and harmony in the midst of all the violence and restlessness prevailing in the present society has been expressed very effectively by using the rich resources of the Manipuri language. These poems cover a wide range of themes including the common people's craving for tolerance and peace in a world helplessly harassed by the forces of evil. Infact, this book is a remarkable contribution to Manipuri literature. As such, *Ahingna Yekshilliba Mang* is a major contribution to the genre of poetry in Manipuri

**Receiving Meritorious Police Medal from Ibobi Singh, Hon'ble Chief Minister of Manipur**

मराठी में पुरस्कृत

**अरुण खोपकर**

(जन्म : 1945)

अरुण खोपकर प्रख्यात फ़िल्म अभिनेता, निर्देशक एवं निर्माता होने के साथ प्रतिष्ठित मराठी लेखक हैं। फ़िल्म विशेषज्ञ के रूप में आपकी एक अंतरराष्ट्रीय पहचान है। चित्रकला, नृत्य, संगीत, कविता और स्थापत्य पर निर्मित अपनी लघु फ़िल्मों की शृंखला के लिए सुपरिचित अरुण खोपकर विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में फ़िल्मांकन कला के लोकप्रिय शिक्षक हैं।

अरुण खोपकर का जन्म 1945 में बंबई, महाराष्ट्र में हुआ। आप बंबई विश्वविद्यालय के विज्ञान स्नातक हैं तथा आपने फ़िल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया, पुणे से सिनेमेटोग्राफ़ी (निर्देशन) में डिप्लोमा किया है। आपको हिंदी, अंग्रेज़ी संस्कृत, बाङ्ला, फ्रांसीसी, जर्मन, रूसी, इतालवी, जापानी तथा स्पानी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपने अपने कार्य–जीवन की शुरुआत गणित के शिक्षक के रूप में की तथा सन् 1977 से अद्यतन आप एक स्वतंत्र निर्देशक एवं निर्माता के रूप में कार्य कर रहे हैं। आपकी प्रकाशित कृतियों में *चित्रव्यूह एवं चलत्–चित्रव्यूह* नामक निबंध–संग्रह (2012) तथा *गुरुदत्त : तीन अंकी शोकांतिका* (1995) शामिल हैं, जिन्हें क्रमशः महाराष्ट्र फ़ाउंडेशन (अमेरिका) का पुरस्कार तथा सिनेमा पर लिखित सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हैं। आपकी पुस्तकों के अनुवाद विभिन्न विदेशी एवं भारतीय भाषाओं में भी प्रकाशित हुए हैं। आप द्वारा निर्मित फ़िल्मों में 'फ़िगर्स ऑफ़ थॉट' (1991), 'संचारी' (1992), 'कथा दौन गनपतरावंची' (1994), 'कलर्स ऑफ़ एब्सेंस (1994), 'सोच समझ के' (1996), 'रसिकप्रिया' (2001), 'नारायण गंगाराम सुर्वे' (2003), 'हाथी का अंडा' (2004) तथा 'वाल्यूम ज़ीरो : द वर्क ऑफ़ चार्ल्स कोर्रो' (2009) शामिल हैं। आपकी फ़िल्मों में से अनेक को विभिन्न राष्ट्रीय फ़िल्मोत्सवों की विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हैं। आपको सत्यजित रे स्मारक आजीवन उपलब्धि पुरस्कार के अलावा कला फ़िल्मों में योगदान के लिए थर्ड आई इंटरनेशनल फ़िल्मोत्सव 2015 में पुरस्कृत किया जा चुका है।

